1. यदि आप OTS हेतु GO (Government Order) डाउनलोड करना चाहते हैं, तो OTS 2026 की आधिकारिक वेबसाइट (https://upots.in/) के होमपेज पर **“G.O. for OTS 2026”** पर क्लिक करके इसे डाउनलोड कर सकते हैं।



## 2. आवेदन के तरीके **(Modes of Application)**

आवंटी निम्न दो तरीकों से आवेदन कर सकता है**:**

- **ऑनलाइन आवेदन (Online Mode)**
- **ऑफलाइन आवेदन (Offline Mode)**






## ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया (Online Mode Process)


I. OTS 2026 की आधिकारिक वेबसाइट (http://upots.in/) के होमपेज पर दाईं ओर दिए गए **“Click to Apply for Map OTS”** बटन पर क्लिक करें।




II. **“Click Here to Apply”** विकल्प चुनें। अपनी संबंधित **Authority (प्राधिकरण)** का चयन करें।/ **“Select or search your Authority”** विकल्प पर जाकर आवंटी अपनी संबंधित **Authority** का चयन करें।




III. **“Register Yourself”** पर क्लिक करें।




IV. अपनी प्रोफाइल बनाने के लिए सभी आवश्यक विवरण भरें और **“Submit”** बटन पर क्लिक करें।रजिस्ट्रेशन की सत्यापन (Verification) के लिए आपके मोबाइल पर प्राप्त **OTP** दर्ज करें और प्रक्रिया को पूरा करें।




V. अपना **Username, Password** और **Captcha Code** दर्ज करें, फिर **“Login”** बटन पर क्लिक करें।



VI. **“New Application”** पर क्लिक करें और **Map** विकल्प का चयन करें।



VII. सभी आवश्यक विवरण भरें और **“Proceed”** बटन पर क्लिक करें।




## ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया (Offline Application Process)

Map OTS के लिए ऑफलाइन आवेदन के चरण:

I. OTS 2026 की आधिकारिक वेबसाइट (https://upots.in/) होमपेज पर दाईं ओर दिए गए **“Offline Form”** बटन पर क्लिक करें।



II. Map OTS के लिए **"Offline Form"** डाउनलोड करें।



III. फॉर्म का प्रिंट निकालें।

IV. सभी आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।

V. आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें:

1. आधार कार्ड की कॉपी
2. पासपोर्ट साइज फोटो
3. आवंटन पत्र की कॉपी

VI. संबंधित प्राधिकरण (Authority) के कार्यालय में जाकर भरा हुआ आवेदन फॉर्म, सभी आवश्यक दस्तावेज, प्रोसेसिंग फीस तथा डाउनपेमेंट के साथ जमा करें।

VII. आवेदन जमा करने के बाद रसीद/ प्राप्ति  पर्ची अवश्य प्राप्त करें तथा उसे भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें।

3. ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक के पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी पर **OTP (One Time Password)** प्राप्त होगा। इस OTP को कम्प्यूटर प्रणाली में दर्ज करना आवश्यक है, तभी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

यदि मोबाइल पर OTP प्राप्त होने में देरी हो या नेटवर्क समस्या के कारण OTP न मिले, तो आवेदक अपने रजिस्टर्ड ईमेल के माध्यम से भी OTP प्राप्त कर सकता है।

4. ऑनलाइन आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेजों की **PDF/JPG फाइल** पहले से तैयार रखें:

- आधार कार्ड की प्रति
- पासपोर्ट साइज फोटो
- आवंटन पत्र **(Allotment Letter)** की प्रति

दस्तावेज अपलोड करते समय यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दस्तावेज को निर्धारित/ दर्शाई गई श्रेणी में ही सही प्रकार से अपलोड किया जाए।